दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 21.09.2023

प्रकाशनार्थ

दिनांक 21.09.2023 गोरखपुर। दिनांक 21 सितम्बर 2023 को प्रातः 9:00 बजे दिग्विजयनाथ पी.जी कॉलेज गोरखपुर एवं अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत, महानगर गोरखपुर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित ग्राहक जागरूकता रैली महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह एवं प्रान्त संगठन मंत्री डॉ. चंद्रभूषण तिवारी द्वारा हरी झंडी दिखा कर रवाना की गई, ये रैली दिग्विजयनाथ पी.जी कॉलेज के कला संकाय परिसर से होते हुए एच.पी स्कूल, एम पी बालिका विद्यालय, सीतापुर अस्पताल रोड, विश्वविद्यालय चौराहा, विश्वविद्यालय प्रशासनिक भवन, डीएम आवास होते हुए महाविद्यालय परिसर में समाप्त हुई। इस रैली में स्वयंसेवकों ने ग्राहक जागरूकता एवं पर्यावरण सुरक्षा से **संबंधित नारे 'मोल भाव तुम अच्छे से कर लो– स्मार्ट ग्राहक तुम कहलाओ, जागो ग्राहक जागो– बिल के बिना मत भागो, बहकावे में कभी ना आओ– ग्राहक सेवा से मदद तुम पाओ, जागो ग्राहक जागो–लुभावने विज्ञापनों से सतर्क रहो, पर्यावरण की रक्षा– देश की सुरक्षा, जब रखोगे पर्यावरण का ध्यान– तभी बनेगा अपना देश महान'** लगाते हुए जनमानस को जागरूक करने का प्रयास किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश सिंह ने अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के पदाधिकारियों एवं स्वयंसेवकों को बधाई देते हुए कहा कि शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन के साथ ही जनमानस को जागरूक करने की जिम्मेदारी भी शैक्षणिक संस्थाओं की है और हमारा महाविद्यालय निरंतर अपने सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करता रहेगा।

प्रान्त संगठन मंत्री डॉ. चंद्रभूषण तिवारी जी ने कहा कि यह वर्ष अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत का स्वर्ण जयंती वर्ष है जिसमें हम निरंतर ग्राहकों की जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरूक करते हुए अन्य सामाजिक विषय जैसे 'पर्यावरण सुरक्षा,रोजगार, उपभोक्ता संरक्षण, विधिक जागरूकता, महिला सशक्तिकरण' पर भी निरंतर कार्यक्रमो का आयोजन अपने संगठन के सहयोग से करते रहेंगे।

इस कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संजय त्रिपाठी, डॉ. निधि राय, डॉ. पियूष सिंह, डॉ. संजीत सिंह, प्रान्त सचिव डॉ. दिनेश पाण्डेय, प्रान्त वरिष्ठ सदस्य श्री दिनेश पाण्डेय, महानगर अध्यक्ष डॉ. पवन पाण्डेय, जिलाध्यक्ष श्री अखिलेश ओझा, सचिव डॉ हरिशंकर गुप्ता, सदस्य श्री मुदित दुबे, श्री अरूण तिवारी, श्री अविनाश श्रीवास्तव, श्री संजय पाठक, श्री लक्ष्मण थापा सहित 400 स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

उक्त कार्यक्रम की जानकारी मीडिया एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉ शैलेश कुमार सिंह ने दी।

(डॉ.) शैलेश कुमार सिंह
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क